# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 21/05/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 20.05.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना मुहम्मदाबाद पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.05.2025 को उ0नि0 हरीश चन्द्र सिंह मय हमराह थाना मुहम्मदाबाद द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टी 1 .रामचन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व0 जयंत्री पाण्डेय उम्र 70 वर्ष 2 .रामानन्द पाण्डेय पुत्र स्व0 जयंत्री पाण्डेय उम्र 65 वर्ष निवासीगण जफरपुरा वकील बाड़ी कस्बा व थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर को घर से दबिस देकर गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –**

1 .रामचन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व0 जयंत्री पाण्डेय उम्र-70 वर्ष निवासी जफरपुरा वकील बाड़ी कस्बा व थाना मुहम्मदाबाद गाजीपुर।

2 .रामानन्द पाण्डेय पुत्र स्व0 जयंत्री पाण्डेय उम्र-65 वर्ष निवासी जफरपुरा वकील बाड़ी कस्बा व थाना मुहम्मदाबाद गाजीपुर।

**02. थाना गहमर व थाना रेवतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शातिर गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, जिनके कब्जे से 01 अदद देसी तमंचा .315 बोर व 01अदद खोखा कारतूस .315 बोर व 5 राशि गोवंश मय पिकअप वाहन बरामद।**

दिनांक 21.05.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद में विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा की जा रही थी। इसी क्रम में थानाध्यक्ष रेवतीपुर मय टीम नगसर तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे कि सामने से एक पिकअप वाहन आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा

किया गया तो वाहन चालक वाहन को पुलिस टीम पर चढ़ने का प्रयास करते हुए गहमर चौंसा की तरफ भागने लगा। थानाध्यक्ष रेवतीपुर द्वारा जरिये आर टी सेट सूचना देते हुए घेराबंदी करने के लिए पिकअप का पीछा किया। उक्त सूचना को सही मानते हुए प्रभारी निरीक्षक गहमर द्वारा उक्त वाहन को पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई। करहिया मोड़ के पास सामने से खुद को घिरा देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम को निशाना बनाकर जान से मारने की नीयत से देशी तमंचे से 1 राउंड फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी कार्रवाई में फायर किया गया तो एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु CHC भदौरा भेजा जा रहा है। एक अन्य बदमाश पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार /घायल अभियुक्तों का नाम पता-**

1. इरशाद पुत्र जुमराती निवासी ताजपुर कुर्रा थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर उम्र 36 वर्ष । (घायल अभियुक्त)
2. असगर पुत्र रविऊवल अंसारी उम्र 22 ग्राम ताजपुर कुर्रा थाना दिलदारनगर जनपद गाज़ीपुर(गिरफ्तार)

**बरामदगी -**

1. 01 अदद देसी तमंचा 315 बोर
2. 1 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
3. 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
4. 5 राशि गोवंस
5. 1 अदद पिकअप वाहन

**गिरफ्तार /घायल अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 353/24धारा 8/20 NDPS एक्ट थाना जमानिया जनपद गाज़ीपुर
2.मु0अ0सं0 76 /25 धारा 3/25 आर्म्स ACTथाना दिलदारनगर जनपद गाज़ीपुर
3. मु0अ0सं0 131/ 19 धारा 3/5A/8 /11 गोवध निवारण अधिनियम 307 IPC 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भुडकुड़ा जनपद गाज़ीपुर

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**